# एस.टी.सी. परीक्षा-2010
## ( स्मृति पर आधारित )

### भाग-अ

### शिक्षण अभिक्षमता

1. शिक्षक को अपने विषय का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए क्योंकि इस प्रकार:
   (A) वह समाज में सम्मान प्राप्त करता है।
   (B) वह योग्य शिक्षक बन जाता है।
   (C) उसे भाषा का ज्ञान हो जाता है।
   (D) इसके अभाव में वह अपने छात्रों के मस्तिष्क को प्रखर नहीं बना सकता।
2. योग्य शिक्षक को भाषा पर अधिकार होना चाहिए?
   (A) भाषा योग्य शिक्षक बनाती है।
   (B) भाषा विषय का ज्ञान कराती है।
   (C) भाषा विधियों का ज्ञान कराती है।
   (D) भाषा के द्वारा वह अपने विचार छात्रों के समक्ष आसानी से रख सकता है।
3. पाठ्यक्रम से शिक्षक को क्या लाभ होता है?
   (A) शिक्षण सरल हो जाता है।
   (B) शिक्षक को कक्षा में क्या पढ़ाना है, उसका ज्ञान हो जाता है।
   (C) शिक्षण रोचक हो जाता है।
   (D) शिक्षक को विद्यालय में क्या कार्य करने चाहिए उसका ज्ञान हो जाता है।
4. शरारती छात्रों के साथ शिक्षक का व्यवहार कैसा होना चाहिए?
   (A) कठोर (B) विनम्र किन्तु दृढ़
   (C) तटस्थ (D) सहानुभूतिपूर्ण
5. आपके विचार से अच्छे शिक्षक का मुख्य उद्देश्य क्या होना चाहिए?
   (A) सभी धर्म व जाति वालों से समानता का व्यवहार करना।
   (B) अपने जीवन को अधिक सुन्दर तथा सुव्यवस्थित बनाना।
   (C) सृजनात्मक सक्रियता में विश्वास रखना।
   (D) जीवन के नये मूल्यों, नये विचारों व परिवर्तनों का स्वागत करना।
6. पाठ्यक्रम निर्माण के लिए सिद्धान्त है:
   (A) छात्रस्तरानुसार
   (B) विभिन्न विषयों से सहसंबंध
   (C) अवकाश का सदुपयोग
   (D) इनमें से सभी
7. अध्यापन हेतु किसी विधि का चयन करते समय शिक्षार्थियों की दृष्टि से जो सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण बिन्दु ध्यान में रखना आवश्यक है, वह है-
   (A) विद्यार्थियों की रुचि व उत्साह।
   (B) विद्यार्थियों की शारीरिक व मानसिक परिपक्वता।
   (C) आवश्यक साधनों एवं उपकरणों की उपलब्धि।
   (D) आर्थिक एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि।
8. वर्तमान पाठ्यक्रम का दोष है-
   (A) पुस्तकीय ज्ञान पर बल।
   (B) विषयों में सहसंबंध का अभाव।
   (C) लचीलेपन का अभाव।
   (D) इसमें से सभी।
9. माता-पिता को अपनी संतान को बुद्धू, मूर्ख आदि नहीं कहना चाहिए, क्योंकि-
   (A) बच्चे उन शब्दों का दोहरान करेंगे।
   (B) वे अपने में इन अवगुणों को ढूँढेंगे।
   (C) उनमें अपशब्द भाषण की आदत पड़ेंगी।
   (D) इनमें से सभी।
10. 'अवरुद्ध' बालक वे होते है:-
   (A) जिनमें शैक्षिक क्षमताओं का विकास नहीं हो पाता।
   (B) जो माता-पिता की अपेक्षा पर खरे नहीं उतरते।
   (C) जो शिक्षकों की अपेक्षाएँ पूरी नहीं करते।
   (D) जो शिक्षा से लाभ उठाने में असमर्थ रहते हैं।
11. शिक्षक के आत्मविश्वास का छात्र पर क्या प्रभाव पड़ता है:
   (A) वह प्रसन्न होता है
   (B) उसमें साहस और कार्य करने की इच्छा शक्ति जागृत होती है।
   (C) उसे अपने वातावरण का ज्ञान होता जाता है।
   (D) उसमें सहानुभूति आ जाती है।
12. विद्यालय में शिक्षक का प्रमुख कार्य होता है:-
   (A) भाषण देना।
   (B) बच्चों की देख-रेख करना।
   (C) शिक्षण कार्य आयोजित करना।
   (D) गृहकार्य जाँचना।

13. शिक्षण व्यवसाय में महिलाओं की अधिकता क्यों है?
(A) वे बच्चों के साथ अधिक धैर्यपूर्वक व्यवहार करती है।
(B) उनके लिए दूसरे व्यवसायों में अवसर की कमी है।
(C) वे कम वेतन पर भी काम करने को तैयार रहती है।
(D) इस व्यवसाय में कम योग्यता की आवश्यकता है।

14. शिक्षक की योग्यता के निर्णय करने का आधार होता है?
(A) अध्यापक की शैक्षिक योग्यता।
(B) कक्षा शिक्षण की प्रभावशीलता।
(C) उसके पढ़ाए हुए छात्रों के परिणाम।
(D) इनमें से सभी।

15. शिक्षण व्यवसाय में शिक्षण की सफलता के लिए क्या महत्वपूर्ण है?
(A) समुदाय की सम्पन्नता।
(B) शिक्षक की कुशलता।
(C) शिक्षक की शैक्षिक योग्यता
(D) प्राचार्य का सहयोग।

16. दिवास्वप्न देखने वाला प्रसन्न रहता है:
(A) नियंत्रण से (B) तर्क से
(C) कल्पनाशीलता से (D) उक्त कोई नहीं

17. विद्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय बन्धुत्व की भावना के विकास की प्रक्रिया है:
(A) पाठ्यक्रम
(B) सह शैक्षिक प्रवृत्तियों के द्वारा
(C) कक्षा शिक्षण के विशेष अवसर
(D) इनमें से सभी

18. शिक्षण में तुलनात्मक अध्ययन के लिए उपयोगी हैं:
(A) मानचित्र (B) रेखाचित्र
(C) तालिकाएँ (D) ग्राफ

19. कक्षा शिक्षण में श्रव्य-दृश्य सामग्री के प्रयोग का सबसे बड़ा लाभ है कि:
(A) छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान पर निर्भर नहीं रहना पड़ता हैं।
(B) सीखना सरल और रोचक हो जाता है।
(C) छात्रों को कम अध्ययन करना पड़ता है।
(D) सीखने का सारा उत्तरदायित्व छात्र पर रहता है।

20. निम्न में शिक्षण का परम्परागत साधन है:
(A) श्यामपट्ट (B) पाठ्य-पुस्तक
(C) कहानी (D) सभी

21. किशोरों में द्वन्द्व उभरने का मुख्य कारण होता है:
(A) पीढ़ियों का अन्तर (B) अवसरों की प्रतिकूलता
(C) दिवास्वप्न (D) निराशा व निस्सहायता

22. उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थी सफलता का श्रेय जिसे देते हैं:
(A) भाग्य (B) सहयोग
(C) योग्यता (D) बाह्य कारक

23. निम्न से अच्छे अनुशासन का परिणाम मिलता हैं:
(A) प्रतियोगिता (B) स्वस्थ कर्तव्य निष्पादन
(C) बैंत लगाना (D) निरुद्देश्य गतिविधियाँ

24. एक शिक्षक जो छात्रों को चिन्तामुक्त करना चाहता है, होना चाहिए:
(A) निर्णायक (B) अस्वीकार्य
(C) स्वीकार्य (D) अनिर्णायक

25. अपने द्वितीय जन्मदिवस पर दया का मोमबत्ती से हाथ जल गया था। अपने भाई के आठवें जन्मदिवस पर उसे मोमबत्ती से दूर रहने के लिए कहती है। उसने यह जिससे सीखा था:
(A) प्रशिक्षण (B) परिपक्वता
(C) शिक्षा (D) प्रौढ़ता

26. किस राज्य में सबसे अधिक पत्रिकाएँ जनता को सूचना के लिए निकाली जाती है?
(A) उत्तर प्रदेश (B) तमिलनाडु
(C) केरल (D) पंजाब

27. निम्न में से कौनसा शिक्षण का मुख्य उद्देश्य है?
(A) पाठ्यक्रम के अनुसार सूचनाएँ प्रदान करना।
(B) छात्रों की चिन्तन शक्ति का विकास करना।
(C) छात्रों को टिप्पणियाँ लिखवाना।
(D) छात्रों को परीक्षा के लिए तैयार करना।

28. निम्न में से कौन-सी शिक्षण विधि अच्छी है?
(A) व्याख्यान एवं श्रुतिलेखन
(B) संगोष्ठी एवं परियोजना
(C) संगोष्ठी एवं श्रुतिलेखन
(D) श्रुतिलेखन एवं दत्तकार्य

29. शिक्षकों को निम्न में से किस कथन पर अधिक विश्वास करना चाहिए?
(A) सभी छात्रों को विद्यालय में समान अधिकार मिलने चाहिए।
(B) छात्रों को शिक्षा के अलावा, किसी ओर ध्यान नहीं देना चाहिए।
(C) छात्रों को अपने बाह्य व्यक्तित्व पर ध्यान नहीं देना चाहिए।
(D) शिक्षकों को अपने बाह्य व्यक्तित्व पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

30. शिक्षक के दृष्टिकोण से छात्रों को:
(A) शिक्षक से बहस करने की अनुमति नहीं होनी चाहिए।
(B) अधिक सज संवरकर आने की अनुमति नहीं होनी चाहिए।
(C) अधिक धन खर्च ने की आज्ञा नहीं होनी चाहिए।
(D) खाली समय में गुट बनाकर बैठने की अनुमति नहीं होनी चाहिए।

31. निम्नलिखित में कौनसी विशेषता अध्यापक से संबंधित नहीं हैं:
(A) विषय वस्तु की निपुणता।
(B) राजनीतिक नेताओं से सम्मान।
(C) छात्रों के साथ अच्छा ताल-मेल।
(D) प्रभावी मौखिक संचार।

32. यदि शिक्षक कक्षा में शिक्षण के समय कोई गम्भीर त्रुटि कर जाता है तो उसे निम्नलिखित कार्य करना चाहिए:
(A) वह अपनी त्रुटि को तुरन्त स्वीकार कर लें।
(B) वह इसे भुलाने का प्रयास करे।
(C) त्रुटि करे और भूल जाए।
(D) उसके प्रति अज्ञान बन जाए।

33. कक्षा में स्वस्थ अनुशासन के निर्माण के लिए निम्नलिखित पर जोर देना चाहिए:
(A) छात्रों को दुर्व्यवहार करने से रोकना।
(B) छात्रों में स्वीकृत व्यवहारों को पुष्ट करना।
(C) छात्रों की उन आवश्यकताओं की पूर्ति करना जिनके फलस्वरूप दुर्व्यवहार की उत्पत्ति होती है।
(D) छात्रों को अनुशासन संबंधी नियमों के उल्लंघन की चेष्टाओं को नाकामयाब करना।

34. शिक्षण का पहला चरण है:
(A) पहले से योजना बनाना।
(B) पाठ्य सामग्री को सुसंगठित करना।
(C) विद्यार्थियों का बैकग्राउण्ड जानना।
(D) कोई नहीं।

35. कक्षा में छात्र के व्यवहार को अनुशासित करने वाला प्राथमिक कारक क्या होना चाहिए?
(A) छात्रों की मित्र मण्डली।
(B) शिक्षक प्रभुत्व।
(C) छात्र प्रेरणाएँ।
(D) पुरस्कार-दण्ड प्रविधि।

36. शिक्षण की उत्तम प्रणाली वह है जिसमें:
(A) प्रश्नोत्तर की आवश्यकता न पड़े।
(B) अध्यापक छात्रों से प्रश्न पूछें।
(C) छात्र अध्यापक से शंका समाधान करे।
(D) अध्यापक और छात्र दोनों प्रश्न पूछें।

37. शिक्षणार्थ भ्रमण में आप बच्चों से क्या अपेक्षा करेंगे?
(A) बच्चे हर स्थान व वस्तु को ध्यान से देखें और उनके बारे में शिक्षक से प्रश्न करें।
(B) बच्चे चुपचाप सब कुछ देखें, शिक्षक से कोई प्रश्न न करें।
(C) बच्चे यदि कुछ पूछना चाहें तो अपने प्रश्न नोटबुक में लिख लें।
(D) बच्चे आनंद से घूमें, शिक्षक को भी आनन्द से घूमने दें।

38. निम्नलिखित में से व्याख्यान विधि का पद नहीं है:
(A) तैयारी (B) प्रयोग
(C) प्रस्तुतीकरण (D) मूल्यांकन

39. शिक्षा एक त्रिआयामी समन्वित रूप है, क्योंकि इसका अंग होता है:
(A) शिक्षक (B) विद्यार्थी
(C) पाठ्यक्रम (D) इनमें से सभी

40. शैक्षिक-प्रक्रिया के तीन प्रमुख अंग है:
(A) उद्देश्य, शिक्षक व मूल्यांकन
(B) विद्यालय, समुदाय व सरकार
(C) शिक्षण प्रक्रिया, मूल्यांकन व पाठ्यक्रम
(D) उद्देश्य, अध्ययन-अध्यापन परिस्थितियाँ, शिक्षार्थी

41. शिक्षण की गुणवत्ता प्रदर्शित होती है:
(A) कक्षा में छात्रों की उपस्थिति से।
(B) छात्रों के उत्तीर्ण प्रतिशत से।
(C) छात्रों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों की गुणवत्ता से।
(D) कक्षा में शांति बनाए रखने की अवधि से।

42. 10+2+3 शिक्षा योजना की संस्तुति की गई थी:
(A) कोठारी कमीशन द्वारा।
(B) मुदालियर कमीशन द्वारा।
(C) राधाकृष्णन कमीशन द्वारा।
(D) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 द्वारा।

43. अनुसंधान हेतु सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण गुण है:
(A) अनुसंधान करने का अनुभव।
(B) संबंधित विषय में रुचि।
(C) अनुसंधान में रुचि।
(D) अनुसंधान की विधियों का ज्ञान।

44. HRD मंत्री कौन हैं:
(A) सचिन पायलट (B) प्रणव मुखर्जी
(C) कुमारी शैलजा (D) कपिल सिब्बल

45. राजस्थान के उच्च शिक्षा मंत्री हैं:
(A) अशोक गहलोत (B) घनश्याम तिवारी
(C) शांति धारीवाल (D) जितेन्द्र सिंह

46. कक्षा में पढ़ाते समय शिक्षक को ध्यान में रखना होगा कि-
(A) श्यामपट्ट-कार्य सुन्दर, स्पष्ट तथा कलात्मक लिखाई में हो।
(B) श्यामपट्ट-कार्य की विषय सामग्री महत्वपूर्ण हो।
(C) श्यामपट्ट-कार्य विस्तारपूर्वक किया जाए।
(D) श्यामपट्ट-कार्य संक्षेप में किया जाए।

47. आपके विचार में कौनसा गुण एक सफल अध्यापक होने के लिए अधिक आवश्यक है?
(A) समय की पाबन्दी।
(B) कर्तव्यनिष्ठ होना।
(C) विषय वस्तु का समुचित ज्ञान होना
(D) सख्ती से अनुशासन स्थापित करने वाला।

48. विद्यार्थी, अध्यापक का सर्वाधिक आदर करेंगे यदि:
(A) वह अपने कार्य के प्रति निष्ठावान है।
(B) वह अनुशासन लागू करने में सफल होता है।
(C) वह विद्यार्थियों के साथ मित्रवत् है।
(D) वह अपना प्रभुत्व दृढ़तापूर्वक प्रकट करता है।

49. आप अध्यापक बनना चाहते हैं:
(A) पैसा कमाने के लिए।
(B) छात्रों को नकल कराने के लिए।
(C) विधायक बनने के लिए।
(D) समाज को आदर्श एवं स्वस्थ जीवन प्रदान करने के लिए।

50. शिक्षक बहुधा अपनी कक्षा का सामना नहीं कर पाते क्योंकि:
(A) वे किसी बीमारी से ग्रस्त होते है।
(B) उनमें प्रशिक्षण की कमी होती है।
(C) उनमें आत्म-विश्वास की कमी होती है।
(D) वे अपने पाठ को तैयार करके कक्षा में नहीं आते।

## भाग-ब

# भाषा योग्यता

## हिन्दी

51. 'लक्ष्मी' का समानार्थी शब्द है-
(A) तनु (B) भारती
(C) रमा (D) अबला

52. 'शुष्क' का विलोम है-
(A) आर्द्र (B) निर्जीव
(C) निष्क्रिय (D) अज्ञात

53. 'जिसका मन व ध्यान दूसरी तरफ हो' उसे कहते हैं:-
(A) अन्यमनस्क (B) तटस्थ
(C) दूरदर्शी (D) निष्पक्ष

54. 'जो पूरी तरह से बर्बाद हो गया हो' उसे कहते हैं:-
(A) पंचानन (B) उर्वरा
(C) ध्वस्त (D) खंडित

55. 'गजभर की छाती होना' का अर्थ होता है-
(A) गौरव से भरा जाना
(B) पीछे पड़ जाना
(C) प्रिय वस्तु
(D) किसी काम को करने का दृढ़-निश्चय करना

56. 'अनेक' शब्द में कौनसा उपसर्ग है?
(A) अन् (B) अ
(C) अनु (D) उक्त कोई नहीं

57. 'आयात' शब्द में 'निर्' उपसर्ग लगाने से बनेगा-
(A) निरयात (B) निर्यात
(C) नीर्यात (D) निरियात

58. 'अमानवीयता' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?
(A) अ (B) इत
(C) नीय (D) ता

59. 'इत' प्रत्यय से कौन सा शब्द बनेगा?
(A) प्रचलन (B) प्रोत्साहन
(C) प्रचलित (D) परिवर्तन

60. 'ऊँचाई' शब्द में कौनसा प्रत्यय है?
(A) इक (B) आई
(C) इत (D) ई

61. 'जंगल' का पर्यायवाची है-
(A) अरण्य (B) अंशुमाली
(C) अम्बिका (D) शिवा

62. 'अग्नि' का पर्यायवाची है-
(A) सुधा (B) पावक
(C) मंदाकिनी (D) तनया

63. 'उपर्युक्त' का विलोम है-
(A) उतार (B) उत्कर्ष
(C) निकृष्ट (D) निम्नलिखित

64. 'मूक' शब्द का विलोम है-
(A) मलिन (B) वाचाल
(C) भारी (D) शिष्ट

65. 'जिसके आने की तिथि निश्चित न हो' को कहते है-
(A) अविश्वसनीय (B) अकल्पनीय
(C) अज्ञातवासी (D) अतिथि

66. स्वर-संधि का उदाहरण है-

(A) परमाणु (B) हरिश्चंद्र
(C) जगदीश (D) उक्त कोई नहीं

67. 'रात-दिन' में कौन-सा समास है?
(A) द्वन्द्व (B) तत्पुरुष
(C) बहुव्रीहि (D) द्विगु

68. 'अव्ययी भाव' समास का उदाहरण है-
(A) माखन-चोर (B) आजन्म
(C) माता-पिता (D) त्रिलोचन

69. 'अधखिला' शब्द में कौनसा उपसर्ग है?
(A) अध्य (B) अति
(C) अध (D) आदि

70. 'मृत्युंजय' शब्द में कौनस समास है?
(A) द्वन्द्व (B) अव्ययीभाव
(C) तत्पुरुष (D) बहुव्रीहि

71. 'निस्सन्देह' का संधि-विच्छेद होता है-
(A) नि+संदेह (B) नि+देह
(C) निः+संदेह (D) नी+देह

72. अर्द्ध-विराम चिन्ह होता है-
(A) ; (B) ,
(C) :- (D) :

73. शस्त्र का प्रयोग होता है-
(A) हाथ में लेकर व फेंकर चलाने वाले हथियार के लिए।
(B) हाथ में लेकर चलाने वाले हथियार के लिए।
(C) फेंककर चलाने वाले हथियार के लिए।
(D) किसी के लिए भी नहीं

74. 'प्रत्यक्ष के लिए प्रमाण की आवश्यकता नहीं' के लिए लोकोक्ति प्रचलित है-
(A) हथेली पर सरसों उगाना।
(B) हाथ कँगन को आरसी क्या?
(C) हाथी के दाँत खाने के और दिखाने के और।
(D) हाथी का बोझ हाथी ही उठाता है।

75. 'ओछे की प्रीत बालू की भीत' का प्रचलित अर्थ है-
(A) तुच्छ व्यक्ति के साथ मित्रता नहीं निभ सकती।
(B) विपत्ति झेलने को तैयार नहीं।
(C) थोड़ी वस्तु से अधिक चाहने वाले की संतुष्टि नहीं होती
(D) धोखा एक बार ही खाया जा सकता है।

76. 'उल्टी गंगा बहाना' का अर्थ होता है:-
(A) बहुत अधिक अन्तर
(B) उदासीन हो जाना
(C) नियम विरुद्ध कार्य करना
(D) साफ इन्कार करना

77. कौनसा शब्द शुद्ध है?
(A) दंद्व (B) द्वन्द्व
(C) द्वन्द (D) द्वद्व

78. कौनसा वाक्य शुद्ध है?
(A) क्यों नहीं सुन रहे हो। बहरे हो क्या।
(B) क्या बहरे हो, सुन क्यों नहीं रहे?
(C) सुन क्यों नहीं रहे, बहरे हो क्या?
(D) बहरे हो सुन क्यों नहीं रहे?

79. 'दीक्षांत' का सन्धि-विच्छेद है-
(A) दीक्षा + अनंत (B) दीक्षा + अंत
(C) दिक्षा + अंत (D) दीच्छा + अन्त

80. कौनसा शब्द शुद्ध है?
(A) सौहार्द्र (B) सौहाद
(C) सोहार्द (D) सौहार्द

## संस्कृत

51. बालकः विद्यालयात् प्रतिगच्छति रेखांकितपदे संशोधनं रुपं भवति-
(A) विद्यालयेन (B) विद्यालयं
(C) विद्यालस्य (D) विद्यालयाम्

52. धर्मात् न प्रमदितव्यम् रेखांकित पदं विभक्तिं भवति-
(A) षष्ठी विभक्तिः (B) प्रथमा विभक्तिः
(C) द्वितीया विभक्तिः (D) पंचमी विभक्तिः

53. शिशुः मातुः अनुकरणम् करोतिं रेखांकित पदे प्रयुक्त उपसर्ग भवति-
(A) सम् (B) अव
(C) अप (D) अनु

54. दा धातोः लट्लकारे मध्यम पुरुष बहुवचने रुपं भवति-
(A) ददासि (B) दत्तः
(C) ददाति (D) दत्थ

55. 'हरिवन्दे' इति पदे सन्धिः अस्ति-
(A) अनुस्वारसन्धिः (B) उत्वसन्धिः
(C) चर्त्वसन्धिः (D) सत्वसन्धिः

56. शुद्धः वाक्योऽस्ति-
(A) कविषु कालिदासः श्रेष्ठः अस्ति।
(B) कविभ्यः कालिदासः श्रेष्ठः अस्ति।
(C) कवीन् कालिदासः श्रेष्ठः अस्ति।
(D) कवेः कालिदासः श्रेष्ठः अस्ति।

57. कस्मिन् पदे 'प्र' उपसर्गो नास्ति?
(A) प्रहरति (B) प्रभवति
(C) प्रयत्नः (D) संभवति

58. 'संस्कृतम्' इति पदे कः उपसर्ग वर्तते?
(A) सम् (B) निर्
(C) अव (D) दूर्

59. दन्तौष्ठम् इति उच्चारणस्थानम् अस्ति-
(A) चकारस्य (B) तकारस्य
(C) टकारस्य (D) वकारस्य

60. 'गम्' धातोः शतृ प्रत्ययान्तं रुपं भवति-
(A) गच्छत् (B) गत्वा
(C) गन्तुम् (D) गन्तकम्

61. तत् शब्दस्य नपुंसकलिङ्. प्रथमाविभक्ति बहुवचने रुपं भवति-
(A) तैः (B) तेभ्यः
(C) तेषाम् (D) तानि

62. जशत्वसन्धेः उदाहरणम् अस्ति-
(A) तट्टीका (B) रामश्शेते
(C) वागीशः (D) हरिंवन्दे

63. शिवोवन्द्यः इति शब्दे सन्धिः अस्ति-
(A) ष्टुत्वसन्धिः (B) चर्त्वसन्धिः
(C) उत्वसन्धिः (D) सत्वसन्धिः

64. 'क्तिन्' प्रत्ययस्य उदाहरणम् अस्ति-
(A) कृतिः (B) कर्तव्यम्
(C) कुर्वाणः (D) करणम्

65. 'लघुत्तमः' इति पदे प्रत्ययः वर्तते-
(A) तरप् (B) क्त्वा
(C) तुमुन् (D) तमप्

66. सर्व शब्दस्य स्त्रीलिङ्. सप्तमैकवचने रुपं भवति-
(A) सर्वयोः (B) सर्वासाम्
(C) सर्वाः (D) सर्वस्याः

सही उत्तर-सर्वस्याम्

67. 'श' वर्णः कथ्यते-
(A) मूर्धन्यः (B) तालव्यः
(C) कण्ठ्यः (D) दन्त्यः

68. सहसाकम् समम् साधर्म् शब्दानांयोगे का विभक्तिः?
(A) चतुर्थी (B) तृतीया
(C) पंचमी (D) षष्ठी

69. 'सेवामहे' इतिपदे लकारः भवति-
(A) लड्.लकारः
(B) लृट्लकारः
(C) विधिलिड्.लकारः
(D) लोट्लकारः

70. दीर्घस्वराः कति सन्ति?
(A) अष्ट (B) षट्
(C) सप्त (D) नव

71. पचमानः इत्यग प्रत्ययोऽस्ति-
(A) मतुप् (B) अनीयर्
(C) शत् (D) शानच्

72. 'पाणिपादम्' इति पदे समासः अस्ति-
(A) द्विगुसमासः (B) कर्मधारयसमासः
(C) बहुव्रीहिसमासः (D) द्वन्द्वसमासः

73. रक्षार्थक धातुनां योगे विभक्तिः भवति-
(A) द्वितीया (B) तृतीया
(C) पंचमी (D) सप्तमी

74. द्विगु समासस्य उदाहरणमस्ति-
(A) त्रिभुवनम् (B) घनश्यामः
(C) राजपुरुषः (D) प्रतिदिनम्

75. ए, ऐ, वर्णजोः उच्चारणस्थानमस्ति-
(A) कण्ठौष्ठम् (B) कण्ठतालुः
(C) नासिका (D) जिह्वामूलम्

76. इष् धातोः लड्.लकारः मध्यमपुरुष एकवचने रुपं भवति-
(A) ऐच्छः (B) ऐच्छम्
(C) ऐच्छत् (D) ऐच्छन्

77. रक्षणीयः इति पदे प्रत्ययः वर्तते-
(A) शानच् (B) अनीयर्
(C) ल्यप् (D) तुमुन्

78. स्वागतम् इति पदस्य सन्धि-विच्छेदः भवति-
(A) सु+आगतम् (B) स्व+आगतम्
(C) स्वा+गतम् (D) स+वागतम्

79. वर्णाः कति सन्ति?
(A) त्रिषष्टिः (B) चतुर्षष्टिः
(C) पंचषष्टिः (D) षष्ठसत्वारींशत्ः

80. बालक शब्दस्य षष्ठी विभक्ति द्विवचने रुपं भवति-
(A) बालकात् (B) बालकयोः
(C) बालकानाम् (D) बालके

## ENGLISH (Compulsory for all)

81. Choose the alternative which is the same in meaning to the key word.
**Gorgeous**
(A) Dull (B) Inexpensive
(C) Splendid (D) Ordinary

82. Choose the word with the correct spelling.
(A) Seperate (B) Saperate
(C) Seprate (D) Separate

83. Pick the correct alternative that completes the sentence into indirect speech.
Sheela said to Shweta, "where is your house"?
(A) Sheela asked Shweta that where here house was.
(B) Sheela asked Shweta where her house was.
(C) Sheela asked Shweta where was her house.
(D) Sheela asked Shweta where is your house.

84. Choose the correct modal to complete the sentence.
If you come tomorrow, I _____ teach you.
(A) Should (B) will
(C) dare to (D) would

85. Pick up the word with the correct spelling out of the four words given below.
(A) Benglow (B) Bunglow
(C) Binglow (D) Bungalow

86. Fill in the blanks with the correct helping verb.
Death rates form AIDS _______ fallen in the past ten years.
(A) were (B) have
(C) had (D) has

87. Choose the phrase which best completes the sentence.
She was a late stater but she's certainly ______ for the lost time.
(A) done up (B) done in
(C) made up (D) made over

88. Pick up the most appropriate Antonym of the given keyword.
**Tranquil**
(A) Avaricious (B) Guilty
(C) Disturbed (D) Fertile

89. Complete the following sentence with appropriate form of adjective.
Ashok, subash and Rajesh are quite tall, but Rajesh is ______.
(A) the tallest (B) most tall
(C) more tall (D) taller

90. Choose the correct answer which substitute the given word 'ban'.
(A) Not clearly defined.
(B) Writing that can be read easily.
(C) Writing that cannot be read.
(D) Not allowed by law.

91. Choose the appropriate word that completes the sentence grammatically.
He told me that he had waited for me_____.
(A) tomorrow (B) today
(C) the previous day (D) the next day

92. Fill in the words which is most likely to fit the context in the given sentence.
Kusum speaks French______but makes mistakes in grammar.
(A) loosely (B) fluently
(C) fluidly (D) currently

93. Choose the correct phrase to complete the sentence grammatically.
He went to the Mall______.
(A) to have seen you.
(B) seeing you.
(C) to seeing you.
(D) to see you.

94. Choose from list below the correct prefix.
I haven' [illegible]d) the fridge for some time.
(A) de (B) dis
(C) re (D) un

95. Choose the correct word to complete the given sentence.
The Home Minister had ordered a______ enquiry in this case.

(A) Judicious (B) Justified
(C) Judicial (D) Legal

96. Correct the underlined part in the given sentence by choosing the most appropriate alternative.
Please give him the another one.
(A) the other one. (B) or other one.
(C) the another. (D) an another one.

97. Fill in the blanks with correct preposition.
She was ashamed ______ her behaviour.
(A) by (B) at
(C) in (D) of

98. Fill in the blank with correct connective.
His opinion is welcome_________ it does not convince me.
(A) beside (B) but
(C) despite (D) until

99. Choose the word which best completes the given sentence.
She felt alone and disappointed as if the entire world had turned _______ her.
(A) toward (B) against
(C) away (D) for

100. Choose the word which best completes the sentence.
These books which you gave me are my _________.
(A) Favourite (B) Preferred
(C) Favoured (D) Preferential

## भाग-स

## राजस्थान की सामान्य जानकारी

101. पंचायतीराज व्यवस्था सर्वप्रथम किस जिले में लागू हुई?
(A) जयपुर (B) नागौर
(C) अजमेर (D) करोली

102. राजस्थान में जिलों की संख्या है-
(A) 30 (B) 31
(C) 33 (D) 34

103. राजस्थान के मुख्य सूचना आयुक्त हैं-
(A) दिव्या सिंह (B) डा. एम.एस. यादव
(C) एन. के. जैन (D) एम.डी. कोरानी

104. जिले में पंचायतीराज की शीर्ष संस्था है-
(A) नगर परिषद (B) नगर निगम
(C) पंचायत-समिति (D) जिला परिषद

105. निम्न में से कौनसा खाद्यान्न राजस्थान में सर्वाधिक पैदा होता है?
(A) गेहूँ (B) बाजरा
(C) चावल (D) जौ

106. 'खो-दरीबा' प्रसिद्ध है-
(A) तांबे के लिये (B) एस्बेस्टॉस के लिये
(C) फेलस्पार के लिये (D) लोहे के लिये

107 'मौसर' क्या है?
(A) अरावली की जनजाति
(B) सती से संबंधित
(C) मृत्युभोज की प्रथा
(D) एक झील का नाम

108. गणेशजी का प्रसिद्ध मंदिर किस जिले में स्थित है?
(A) धौलपुर में (B) भरतपुर में
(C) अलवर में (D) सवाईमाधोपुर में

109. 'सागड़ी प्रथा' किस प्रथा का दूसरा रूप है?
(A) देवदासी (B) बन्धुआ मजदूर
(C) बाल विवाह (D) सती

110 'पटवों की हवेली' स्थित है-
(A) जैसलमेर में (B) कोटा में
(C) धौलपुर में (D) जोधपुर में

111. निम्नलिखित में से कौनसा कवि पृथ्वीराज चौहान का मित्र था?
(A) जयानक (B) चन्द्रशेखर
(C) मेरुतुंग (D) चंद बरदाई

112. 'राजस्थान दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है?
(A) 15 अगस्त (B) 26 जनवरी
(C) 2 अक्टूबर (D) 30 मार्च

113. 'राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान' कहां स्थित है?
(A) जोधपुर (B) बीकानेर
(C) जयपुर (D) अजमेर

114. संगमरमर की सबसे बड़ी मण्डी कहाँ स्थित है?
(A) मकराना (B) राजसमंद
(C) जयपुर (D) किशनगढ़

115. राजस्थान की विधानसभा के अध्यक्ष हैं:-
(A) सुमित्रा सिंह
(B) दीपेन्द्र सिंह शेखावत
(C) दिव्यासिंह
(D) डॉ. सी.पी. जोशी

116. राजस्थान लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष है-
(A) सी.आर. चौधरी
(B) एम.एल. कुमावत
(C) एस.एस. टाक
(D) बी.एस. गुर्जर

117. 'बणी-ठणी' चित्रशैली किस स्थान से संबंधित है?
(A) उदयपुर (B) किशनगढ़
(C) कोटा (D) बूंदी

118. निम्न में से किस जिले में मेवाड़ी सामान्यत: नहीं बोली जाती है?
(A) उदयपुर (B) पाली
(C) भीलवाड़ा (D) चित्तौड़गढ़

119. विजयदान देथा किस भाषा के लेखक है?
(A) हिन्दी (B) संस्कृत
(C) गुजराती (D) राजस्थानी

120. राजस्थान की किस पोशाक को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है?
(A) अंगरखा (B) मेवाड़ी पगड़ी
(C) जोधपुरी कोट (D) जयपुरी साफा

121. किस महान योद्धा ने मोहम्मद गौरी को तराइन के प्रथम युद्ध में परास्त किया?
(A) पृथ्वीराज चौहान (B) बप्पा रावल
(C) राणा कुम्भा (D) राणा उदयसिंह

122. राजस्थान का स्कूल शिक्षा मंत्री कौन है?
(A) डा. जितेन्द्र सिंह
(B) मांगीलाल गरासिया
(C) शांति धारीवाल
(D) भंवरलाल मेघवाल

123. 'विराट नगर' किस जनपद की राजधानी थी?
(A) अंग (B) गन्धार
(C) मगध (D) मत्स्य

124. बसन्तगढ़ का शिलालेख किस वंश से संबंधित है?
(A) सोलंकी (B) चौहान
(C) राठौड़ (D) चावड़ा

125. अजमेर के तारागढ़ दुर्ग का निर्माण किसने करवाया था?
(A) अजयदेव
(B) पृथ्वीराज चौहान
(C) राणा कुम्भा
(D) सवाई जयसिंह

126. विश्नोइयों के धर्म संस्थापक कौन थे?
(A) भक्त रैदास (B) बाबा रामदेव
(C) पाबू जी (D) जाम्भोजी

127. 'निम्बार्क सम्प्रदाय' की प्रमुख पीठ कहाँ स्थित है?
(A) शाहपुरा (B) नरायणा
(C) पुष्कर (D) सलेमाबाद

128. निम्नलिखित में से कौन लोकदेवता की श्रेणी में नहीं आता है?
(A) गोगाजी (B) पाबूजी
(C) तेजाजी (D) गणेशजी

129. निम्न में से कौन सी प्रथा मृत्यु से संबंधित नहीं है?
(A) बाल व दाढ़ी मुंडवाना
(B) उठावना
(C) रस्म पगड़ी
(D) दस्तूर

130. निम्नलिखित में से कौनसा नृत्य होली पर्व से संबंधित है?
(A) गैर (B) भंगड़ा
(C) कत्थक (D) भरतनाट्यम्

131. राजस्थान के किस राजा को हिन्दुपद कहा गया था?
(A) जोधपुर का महाराज जसवंतसिंह (प्रथम)
(B) मेवाड़ का महाराणा प्रताप
(C) मारवाड़ का मालदेव
(D) आमेर का मानसिंह

132. 'हुरड़ा' किस रियासत में स्थित था?
(A) मारवाड़ (B) जयपुर
(C) मेवाड़ (D) कोटा

133. राज्यपाल अपने कार्यों के लिए किसके प्रति उत्तरदायी होता है?
(A) राष्ट्रपति (B) राज्य विधानसभा
(C) संसद (D) राज्य की जनता

134. राजस्थान के प्रथम राज्यपाल थे:-
(A) महाराणा भूपाल सिंह
(B) हरिभाऊ उपाध्याय
(C) सरदार गुरुमुख निहाल सिंह
(D) सरदार जोगेन्द्र सिंह

135. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति करता है:-
(A) राष्ट्रपति (B) राज्यपाल
(C) मुख्य न्यायाधीश (D) प्रधानमंत्री

136. महाराणा प्रताप पुरस्कार संबंधित है-
(A) खेलकूद से (B) साहित्य से
(C) पत्रकारिता से (D) विज्ञान से

137. कायस्थ जाति की निम्नलिखित में से कौनसी उपजाति राजस्थान की मूल निवासी है?
(A) माथुर (B) भटनागर
(C) श्रीवास्तव (D) सक्सेना

138. निम्नमलिखित में से कौन राजस्थान के प्राचीनतम् निवासी है?
(A) मीणा (B) गिरासिया
(C) भील (D) बलाई

139. 'वल्लभ सम्प्रदाय' का राजस्थान में प्रसिद्ध केन्द्र कौनसा है?
(A) जयपुर (B) नाथद्वारा
(C) चित्तौड़ (D) उदयपुर

140. राजस्थान का कौनसा राज परिवार 'एकलिंगजी' का उपासक रहा है?
(A) मेवाड़ (B) मारवाड़
(C) बीकानेर (D) जयपुर

141. रावतभाटा बाँध किस जिले में स्थित है?
(A) कोटा (B) उदयपुर
(C) चित्तौड़गढ़ (D) धौलपुर

142. राजस्थान में प्रथम केन्द्रीय विश्वविद्यालय किस जिले में स्थापित होगा?
(A) बीकानेर (B) जोधपुर
(C) कोटा (D) अजमेर

143. 'मोरठ का पठार' कौनसा क्षेत्र कहलाता है?
(A) तारागढ़ से रघुनाथगढ़ के बीच का क्षेत्र।
(B) कुम्भलगढ़ से मुम्बई के बीच का क्षेत्र।
(C) कुम्भलगढ़ से गोगुन्दा के बीच का क्षेत्र।
(D) रघुनाथगढ़ से गोगुन्दा के बीच का क्षेत्र।

144. 'थार का कल्पवृक्ष' के नाम से प्रसिद्ध है:-
(A) पीपल (B) खेजड़ी
(C) बबूल (D) खैर

145. राजस्थान में सर्वाधिक तापीय विद्युत कहाँ से पैदा होती है?
(A) सिंगरौली (B) कोटाथर्मल
(C) अनूपगढ़ (D) रिहिन्द

146. निम्नलिखित में से कौनसा आभूषण स्त्रियाँ उनके सिर पर पहनती हैं?
(A) झुमका (B) बाजूबंद
(C) बोरला (D) सटका

147. पुष्कर मेला कब मनाया जाता है?
(A) बैशाख पूर्णिमा को
(B) कार्तिक पूर्णिमा को
(C) फाल्गुन पूर्णिमा को
(D) भाद्रपद पूर्णिमा को

148. राजस्थान के किस मेले को लक्खी मेले के रूप में जाना जाता है?
(A) गोगामेड़ी (B) कैलादेवी
(C) पुष्कर (D) रामदेवरा

149. निम्नलिखित में से मारवाड़ी बोली का साहित्यिक रूप कौनसा है?
(A) अपभ्रंश (B) डिंगल
(C) हिन्दी (D) मेवाड़ी

150. मेवाड़ के किस महाराणा ने संगीत पर ग्रंथ लिखे थे?
(A) रत्नसिंह (B) कुम्भा
(C) उदयसिंह (D) प्रताप

# भाग-द

## मानसिक योग्यता


151. एक आदमी एक लड़के के बारे में कहता है, ''यह लड़का मेरे पिताजी के इकलौते बेटे का बेटा है।'' बताइए कि आदमी का वह लड़का क्या लगता है?
(A) भाई (B) साला
(C) बेटा (D) भतीजा

152. 'A' तथा 'B' दो सगे भाई हैं। 'C' तथा 'D' दम्पती हैं। 'E', 'A' की पुत्री है। 'B', 'D' का पिता है। 'B' की पत्नी 'F' है। 'A' की माँ 'G' है। 'C', 'B' का दामाद है। 'H', 'C' की पुत्री है। बताइए 'H', 'F' की कौन लगती है?
(A) बेटी (B) पौत्री
(C) बहू (D) नातिन

153. यदि 'A+B' का अर्थ है कि 'A', 'B' की माँ है तथा 'A' x 'B' का अर्थ है कि 'A', 'B' का पति है, तो इस आधार पर 'P', 'Q' का पिता है के लिए कौन-सा समीकरण उचित है?
(A) P + Q (B) Q + M x P
(C) Q + P (D) P x M + Q

154. कौनसी संख्या इनमें से समान नहीं है?
(A) 5 (B) 11 (C) 13 (D) 9

155. निम्न चित्र में त्रिभुजों तथा वर्गों की संख्या ज्ञात कीजिए:



(A) 28 त्रिभुज, 10 वर्ग
(B) 28 त्रिभुज, 8 वर्ग
(C) 32 त्रिभुज, 10 वर्ग
(D) 32 त्रिभुज, 8 वर्ग

**निर्देश:** प्रश्न 156 से 160 में चार जोड़े दिए गए हैं जिनमें से तीन जोड़ों के दोनों शब्दों में परस्पर संबंध है। एक जोड़ा ऐसा है जिसके दोनों शब्दों में असंबन्धता है। उस जोड़े को ज्ञात कीजिए।

156. (A) टिकट-पत्र (B) टिकट-ट्रेन
(C) स्याही-पेन (D) कार-इंजन

157. (A) सिलाई-दर्जी (B) न्याय-जज
(C) शिक्षा-विद्यालय (D) इलाज-डॉक्टर

158. (A) गाय-बछड़ा (B) शेरनी-पिल्ला
(C) रानी-युवराज (D) भेड़-मेमना

159. (A) कान-नाक (B) चेहरा-मुख
(C) हाथ-अंगुलियां (D) जबड़ा-दाँत

160. (A) पेट्रोल-कार (B) इंक-पेन
(C) कूड़ा-कूड़ादान (D) लैड-पेन्सिल

**निर्देश**- प्रश्न (161-165) में शब्दों का परस्पर सम्बद्ध जोड़ दिया गया है। विकल्प स्वरुप दिए गए जोड़ों में से उसी प्रकार के सम्बद्ध जोड़े का चयन किजिए।

161. मकान तथा किराया :: ?
(A) पूंजी तथा ब्याज (B) मकान तथा दुकान
(C) देनदार तथा लेनदार (D) क्लर्क तथा वेतन

162. ऊर्जा : क्षय :: ?
(A) आवेश : बैटरी (B) आहार : तापमान
(C) धन:अपव्यय (D) शक्ति : जेनरेटर

163. ट्रायलोजी : नॉवेल : : ?
(A) कड़ी : धारावाहिक (B) बन्दूक : कारतूस
(C) वस्त्र: बुनना (D दूध : मलाई

164. यातायात: सड़क :: ?
(A) हवाई जहाज: हवाई अड्डा
(B) जड़ : पेड़
(C) रक्त : शिराएँ
(D) कार : गैराज

165. सीमा : देश :: ?
(A) कलम : टोपी (B) पुस्तक : मुखपृष्ठ
(C) हत्था : फावड़ा (D) चौखटा : तस्वीर

166. निम्न श्रेणी पर ध्यान दो
5 7 2 6 5 7 3 8 3 7 3 2 5 7 2 7 3 4 8 2 6 7 8 ,
इसमें कितने ऐसे 7 हैं जिसके तुरंत पहले 5 नहीं हैं परन्तु जिसके तुरन्त बाद में 3 या 2 आया है?
(A) 2 (B) 3 (C) 4 (D) 5

**प्रश्न 167 से 170 के लिए निर्देश:** नीचे दिये गए संख्या अनुक्रम का अध्ययन कीजिये और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

3 5 8 7 5 3 5 3 4 3 3 5 8 3 5 4 5 8 5 3 5 8 2 6 3 5 8 3 5 3

167. किस संख्या की बारम्बारता सबसे अधिक है?
(A) 8 (B) 7 (C) 3 (D) 4

168. कितनी बार दो क्रमागत संख्याओं का योग 8 है?

(A) 9 (B) 11 (C) 12 (D) 13


169. कितनी बार दो क्रमागत संख्याओं का अन्तर 2 है?

(A) 12 (B) 14 (C) 10 (D) 11

170. कितने समूह ऐसे हैं जिनमें 3-5-8 का समूह एक साथ है?

(A) 4 (B) 2 (C) 6 (D) 3

निर्देश- प्रश्न (171-175)- नीचे दिए गए डायग्राम के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:-




171. कौनसा कथन असत्य है?

(A) कुछ नर्तक शिक्षक हैं।

(B) कुछ विवाहित शिक्षक हैं।

(C) कुछ विवाहित नतर्क कलाकार हैं।

(D) कुछ कलाकार शिक्षक हैं।

172. विवाहिक शिक्षक जो नर्तक और कलाकार न हों, को किस संख्या से दर्शाया गया है?

(A) 9 (B) 5 (C) 2 (D) 1

173. जो नर्तक विवाहित शिक्षक हैं उन्हें किस संख्या से दर्शाया गया है?

(A) 9 (B) 8 (C) 7 (D) 6

174. विवाहित कलाकार जो शिक्षक न हो को किस संख्या से दर्शाया गया है?

(A) 5 (B) 4 (C) 3 (D) 2

175. जो विवाहित शिक्षक कलाकार हैं उन्हें किस संख्या से दर्शाया गया है?

(A) 1 (B) 3 (C) 5 (D) 7

निर्देश- प्रश्न (176-180) में एक कथन दिया गया है तथा इसके बाद दो कार्यवाही I और II दी गई है। कथन को पढ़ने के बाद निर्णय करें कि कथन के परिपेक्ष्य में कौन-सी कार्यवाही उचित है।

(A) यदि कार्यवाही I उचित है।

(B) यदि कार्यवाही II उचित है।

(C) यदि न कार्यवाही I न ही II उचित हैं।

(D) यदि कार्यवाही I और II कार्यवाही दोनों उचित हैं।

176. एक चौकीदार रहित रेल्वे क्रॉसिंग पर 50 व्यक्तियों की मृत्यु उस समय हो गयी, जब उन्हें ले जा रही बस तेज दौड़ती हुई रेलगाड़ी से टकरा गयी।

कार्यवाही I: ट्रेन के ड्राइवर को तुरन्त निलम्बित करके उस पर लापरवाही द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या का मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

कार्यवाही II: रेल्वे को तुरंत प्रत्येक क्रॉसिंग पर एक चौकीदार/गेटमेन की नियुक्ति करनी चाहिए।

177. ऐसा पाया गया है कि एक ओर तो बाल-मजदूरी के खिलाफ लम्बी चौड़ी बहस होती है, कानून बनाये जाते हैं, वहीं दूसरी ओर बाल-मजदूरों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

कार्यवाही I: सरकार को ऐसे विभाग का गठन करना चाहिए जो बाल श्रमिकों के बारे में अधिकृत जानकारी रखे।

कार्यवाही II: गैर-सरकारी संस्थाओं को इस विषय पर अधिक रुचि लेनी चाहिए।

178. भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति काफी नाजुक है तथा इसके पीछे राजनैतिक अस्थिरता का बहुत बड़ा हाथ है।

कार्यवाही I: देश में व्याप्त राजनैतिक अस्थिरता को तुरंत समाप्त कर देना चाहिए।

कार्यवाही II: अर्थव्यवस्था तथा राजनीति को एक दूसरे से पृथक कर देना चाहिए।

179. अपनी एक रिपोर्ट में परिवहन मंत्रालय ने बताया कि लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। इससे ट्रांसपोर्ट के स्तर में सुधार होगा।

कार्यवाही I: मंत्रालय को ट्रैफिक नियमों के बारे में सचेतता अभियान आयोजित करना चाहिए।

कार्यवाही II: जो लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं, उनके लाइसेन्स रद्द कर देने चाहिए।

180. दूरदर्शन के नए चैनलों की स्थापना से डी.डी. -1 चैनल के दर्शकों की संख्या घटती जा रही है- एक रिपोर्ट।

कार्यवाही I: दूरदर्शन को चाहिए कि नए चैनलों के प्रसारण के समय को कम करें।

कार्यवाही II: डी.डी. -1 पर कार्यक्रमों की गुणवत्ता बढ़ाने पर बल देना चाहिए।

181. महिलाएँ रसोईघर में कार्य करते समय एप्रन पहनती हैं क्योंकि:

(A) इससे यह पता लगता है कि वे इस समय रसोईघर में कार्य कर रही हैं।

(B) इससे उनके वस्त्र सुरक्षित तथा साफ रहते हैं।

(C) इसे पहनकर वे अधिक चुस्ती से कार्य करती हैं।

(D) इससे पता लगता है कि उन्हें खाना बनाना आता है।


182. रात्रि में वृक्ष के नीचे नहीं सोना चाहिए क्योंकि:-
(A) रात को वृक्षों से कीड़े मकोड़े/बिच्छु/सांप के गिरने का भय होता है।
(B) रात्रि को यदि पेड़ तूफान आने से गिर जाए तो दब कर मरने का खतरा बना रहता है।
(C) रात्रि में वृक्ष कार्बन डाइ-ऑक्साइड गैस छोड़ते हैं जो स्वास्थ्य हेतु हानिप्रद होती है।
(D) वृक्ष के नीचे मच्छर काटते हैं।

183. कोई व्यक्ति आपका शत्रु है यदि वह:-
(A) आपकी सदैव प्रशंसा नहीं करता है।
(B) आपके साथ नहीं रहता है।
(C) धन की आवश्यकता पड़ने पर आपकी सहायता नहीं करता है।
(D) विपत्ती के समय में आपके लिये प्रतिकूल परिस्थितियाँ उत्पन्न करता है।

184. हमें शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए क्योंकि:-
(A) इसके बाद नौकरी मिलती है।
(B) इससे मानसिक विकास के साथ-साथ आर्थिक विकास सम्भव होता है।
(C) इससे हमारी समाज में प्रतिष्ठा बढ़ती है।
(D) इससे साक्षरता दर में वृद्धि होती है।

185. धूम्रपान नहीं करना चाहिए क्योंकि-
(A) सिग्रेट में तम्बाकू होता है।
(B) इस पर खर्च किया धन बेकार जाता है।
(C) धूम्रपान पर सरकारी रोक लगी हुई है।
(D) तम्बाकू का धुंआ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।



निर्देश: निम्न चित्र का विश्लेषण कीजिए, और प्रश्न सं. 186 व 187 के उत्तर दीजिए?



186. उपर्युक्त चित्र में कुल कितने चतुर्भुज हैं?
(A) 6 (B) 7 (C) 9 (D) 10

187. उपर्युक्त चित्र में कितने पंचभुज हैं?
(A) 2 (B) 3 (C) 4 (D) 6

निर्देश: (प्रश्न 188-191) निम्न दिए चार चित्रों में से उस चित्र का चयन कीजिए जो तीन वर्गों के मध्य सम्बन्ध दर्शाता है।

(A)  (B) 

(C)  (D) 

188. दूरदर्शन गायक, रंगमंच गायक, रेडियो गायक

189. डीजल इन्जन, इन्जन, रेफ्रिजरेटर

190. कुत्ते, बिल्ली, पालतु पशु

191. आदमी, क्रिकेटर, बिल्लियाँ

192. डाक्टर:नर्स:: ?: अनुयायी
(A) नियोजक (B) नेता
(C) कर्मचारी (D) प्रबन्धक

193. महासागर : जल :: ग्लेशियर: ?
(A) रेफ्रिजरेटर (B) बर्फ
(C) पर्वत (D) गुफा

194. वह जोड़ा ज्ञात करें जो अन्य से भिन्न
(A) भारत-दिल्ली (B) पाकिर
(C) नेपाल-काठमांडु (D) श्रीलंक

195. निम्न अक्षर-समूहों से विजातीय अक्षर-
(A) PENAL (B) IDHN
(C) RUUD (D) KTRS

196. BDF, CFI, DHL, ?
(A) CJM (B) EIM
(C) EJO (D) EMI

197. निम्न श्रेणी में गलत पद ज्ञात करो-
G4T, J10R, M20P, P43N, S90
(A) G4T (B) J10R
(C) M20P (D) P43N

198. यदि कूट भाषा में MADRAS को NE जाये तो BOMBAY को कैसे लिखेंगे?
(A) CPNCBX (B) CPNCBZ
(C) CPOCBZ (D) CQOCBZ

199. यदि कूट भाषा में 24685 को 33776 लिखें तो 35791 को किस प्रकार लिखेंगे?
(A) 44826 (B) 44882
(C) 46682 (D) 44632

200. यदि AT = 20, BAT = 40 तो CAT = ?
(A) 30 (B) 50 (C) 60 (B) 70

# उत्तरमाला

## शिक्षण अभिक्षमता

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (D) | 3. (B) | 4. (B) |
| 5. (C) | 6. (D) | 7. (B) | 8. (D) |
| 9. (D) | 10. (D) | 11. (B) | 12. (C) |
| 13. (A) | 14. (D) | 15. (B) | 16. (C) |
| 17. (D) | 18. (C) | 19. (B) | 20. (D) |
| 21. (B) | 22. (C) | 23. (B) | 24. (A) |
| 25. (C) | 26. (B ) | 27. (B) | 28. (B) |
| 29. (A) | 30. (C) | 31. (B) | 32. (A) |
| 33. (B) | 34. (C) | 35. (C) | 36. (D) |
| 37. (A) | 38. (D) | 39. (D) | 40. (C) |
| 41. (C) | 42. (D) | 43. (B) | 44. (D) |
| 45. (D) | 46. (B) | 47. (C) | 48. (A) |
| 49. (D) | 50. (D) | | |

## हिन्दी

| | | | |
|---|---|---|---|
| 51. (C) | 52. (A) | 53. (A) | 54. (C) |
| 55. (A) | 56. (A) | 57. (B) | 58. (D) |
| 59. (C) | 60. (B) | 61. (A) | 62. (B) |
| 63. (D) | 64. (B) | 65. (D) | 66. (A) |
| 67. (A) | 68. (B) | 69. (C) | 70. (D) |
| 71. (C) | 72. (A) | 73. (B) | 74. (B) |
| 75. (A) | 76. (C) | 77. (B) | 78. (C) |
| 79. (B) | 80. (D) | | |

## संस्कृत

| | | | |
|---|---|---|---|
| 51. (B) | 52. (D) | 53. (D) | 54. (D) |
| 55. (A) | 56. (A) | 57. (D) | 58. (A) |
| 59. (D) | 60. (A) | 61. (D) | 62. (C) |
| 63. (C) | 64. (A) | 65. (D) | |

66. चारों उत्तर गलत हैं सही उत्तर सर्वस्याम्

| | | | |
|---|---|---|---|
| 67. (B) | 68. (B) | 69. (B) | 70. (A) |
| 71. (D) | 72. (D) | 73. (C) | 74. (A) |
| 75. (B) | 76. (A) | 77. (B) | 78. (A) |
| 79. (B) | 80. (B) | | |

## अंग्रेजी


| | | | |
|---|---|---|---|
| 81. (C) | 82. (D) | 83. (B) | 84. (B) |
| 85. (B) | 86. (B) | 87. (D) | 88. (C) |
| 89. (A) | 90. (D) | 91. (C) | 92. (B) |
| 93. (D) | 94. (A) | 95. (C) | 96. (A) |
| 97. (D) | 98. (B) | 99. (B) | 100. (A) |

## राजस्थान का सामान्य ज्ञान


| | | | |
|---|---|---|---|
| 101. (B) | 102. (C) | 103. (D) | 104. (D) |
| 105. (B) | 106. (A) | 107. (C) | 108. (D) |
| 109. (B) | 110. (A) | 111. (D) | 112. (D) |
| 113. (A) | 114. (D) | 115. (B) | 116. (B) |
| 117. (B) | 118. (B) | 119. (D) | 120. (C) |
| 121. (A) | 122. (D) | 123. (D) | 124. ( D) |
| 125. (A) | 126. (D) | 127. (D) | 128. (D) |
| 129. (D) | 130. (A) | 131. (B) | 132. (C) |
| 133. (A) | 134. (C) | 135. (A) | 136. (A) |
| 137. (A) | 138. (C) | 139. (B) | 140. (A) |
| 141. (C) | 142. (D) | 143. (C) | 144. (B) |
| 145. (B) | 146. (C) | 147. (B) | 148. (B) |
| 149. (B) | 150. (B) | | |

## मानसिक योग्यता

151. (C) बेटा




152. (D) नातिन



153. (D) P×M+Q,

A+B = 'A', B की माँ है।
A×B = 'A' B का पति है।
अतः माना माँ = M हो तो
P × M = P, M का पति है।
M + Q = M, Q की माँ है।
अतः P × M + Q
पिता

154. (D) 9: शेष सभी अविभाज्य संख्याएँ हैं।
155. (C) 32 त्रिभुज 10 वर्ग।
156. (B) टिकट - ट्रेन 157. (C) शिक्षा - विद्यालय
158. (B) शेरनी - पिल्ला 159. (A) कान - नाक
160. (C) कूड़ा - कूड़ादान
161. (A) 162. (C) 163. (A) 164. (C) 165. (B)
166. (A) ऐसे सात निम्न प्रकार रेखांकित हैं।

5 7 2 6 5 7 3 8 3 7 3 2 5 7 2 7 3 4 8
2 6 7 8

167. (C) सर्वाधिक बार 3 आया है।
168. (B) 8 का योग वाली क्रमागत संख्याएँ रेखांकित हैं।

3 5 8 7 5 3 5 3 4 3 3 5 8 3 5 4 5 8 5 3 5 8
2 6 3 5 8 3 5 3

169. (A) ऐसी क्रमागत संख्याएँ रेखांकित हैं-


3 5 8 7 5 3 5 3 4 3 3 5 8 3 5 4 5 8 5 3 5 8
2 6 3 5 8 3 5 3

170. (A) ऐसे समूह रेखांकित हैं-

3 5 8 7 5 3 5 3 4 3 3 5 8 3 5 4 5 8 5 3 5 8 2
6 3 5 8 3 5 3

171. (C) 172. (C) 173. (D) 174. (B)
175. (C) 176. (B) 177. (D) 178. (A)
179. (A) 180. (B) 181. (B) 182. (C)
183. (D) 184. (B) 185. (D)
186. (D) 10

A B C F,
A C H F
B F H C,
F G H C
F E D C,
A F C D
B C D F,
B C E F
A C E F
F G C E




187. (C) 4

F G C D E
A B C H F
A B C D F
A C D E F

188. (B) 189. (D) 190. (C) 191. (D)
192. (B) 193. (B)
194. (B) शेष सभी देशों की राजधानी है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद है।
195. (A) शेष सभी भाषाओं के नाम है। जबकि NEPAL एक देश है। (B) HINDI (C) URDU (D) SANSKRIT
196. (C) पहला अक्षर B+1, C+1, D+1 = E

दूसरा अक्षर D+2, F+2, H+2 = J
तीसरा अक्षर F+3, I+3, L+3 = O
अतः अगला पद EJO

197. (B) J10R. प्रत्येक पद में बीच की संख्या निम्न प्रकार ज्ञात होती है।

4 x 2 + 1 = 9 20 x 2 + 3 = 43
9 x 2 + 2 = 20 43 x 2 + 4 = 90
अतः दूसरा पद J9R होना चाहिए।

198. (B) CPNCBZ

M + 1 = N अतः B + 1 = C
A + 1 = B O + 1 = P
D + 1 = E M + 1 = N
R + 1 = S B + 1 = C
A + 1 = B A + 1 = B
S + 1 = T Y + 1 = Z
अतः BOMBAY को CPNCBZ लिखेंगे।

199. (B) 44882

2 + 1 = 3 अतः 3 + 1 = 4
4 - 1 = 3 5 - 1 = 4
6 + 1 = 7 7 + 1 = 8
8 - 1 = 7 9 - 1 = 8
5 + 1 = 6 1 + 1 = 2
अतः 35791 को 44882 लिखेंगे।

200. (C) 60

A = 1, T = 20, AT = 1 X 20
BAT = 2 X 1 X 20 = 40
CAT = 3 X 1 X 20 = 60
अक्षरों के वर्णमाला क्रम को गुणा किया गया है।